aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 12 PREPARATION

Karnataka 2nd PUC Model Question Paper 2027 for Hindi (Paper 3)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 12	2027	Sample Paper	Hindi

GOVERNMENT OF KARNATAKA

KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

6th CROSS MALLESHWARAM BENGALURU - 560003

2026-27 II PUC MODEL QUESTION PAPER - 3

SUBJECT: HINDI (03) | **MAXIMUM MARKS : 80**

TIME: 3.00 HOURS | **NUMBER OF QUESTIONS:42**

सूचना:

1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।
3) प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।
4) खण्ड 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

खण्ड - 'क'

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **10×1=10**

1. घर में इसका राज होता है --

   i) सुजान का ii) भोला का iii) जो कमाता है iv) जो दान देता है

2. शामनाथ की माँ क्या टाल नहीं सकती ?

   i) भोजन ii) फुलकारी बनाने का काम iii) बेटे का आदेश iv) बेटे का सुझाव

3. इस्पात का कारखाना विश्वेश्वरय्या के पर्यवेक्षण में यहाँ निर्मित हुआ था --

   i) मद्रास ii) बैंगलूरु iii) मैसूर iv) भद्रावती

4. . निम्नलिखित में जो सही **नहीं** है -

   i) जापान में किसी के दाँत कभी खराब ही नहीं होते हैं |

   ii) रेल आती है तो कोई जापानी यात्री धक्का - मुक्की करता नहीं दिखता है |

   iii) शालीनता जापान का गुणधर्म है | वे सभी अनुशासन प्रिय हैं |

   iv) बहुत सारे भारतीय लोग जापान में बस गये हैं |

5. ' मगर मुझे बनता है बड़ा बंधन ! ' पंक्ति में ' मुझे ' कहा गया है --

   i) कवि कुवेंपु ii) डॉ. एम. विमला iii) बेटी iv) माँ

6. मूलराज के परिवार में मिश्रानी का नाम है --

   i) बेला ii) इंदु iii) रुकिया iv) रजवा

7. बेला के आने के पहले मूलराज के परिवार में सबसे ज्यादा पढ़ी- लिखी स्त्री थी --

i) बड़ी भाभी ii) इंदु iii) मँझली बहू iv) बड़ी बहू

8.हरा - भरा हरियाणा इनका स्थल है -

i) लक्ष्मण, शत्रुघ्न, भरत का

ii) अर्जुन, भीम, युधिष्ठिर का

iii) तुलसी, कबीर, मलिक मुहम्मद जायसी का

iv) गौतम, महावीर, जयप्रकाश नारायण का

9. `पानी' के लिए जापानी भाषा में शब्द है-

i) दायुस्की ii) हाय iii) मिजु iv) दूमो आरिगातु

10. ' यू हैव मिस्ड समथिंग ' वाक्य इस पाठ से है -

i) सुजान भगत ii) गंगा मैया से साक्षात्कार

iii) चीफ़ की दावत iv) एक कहानी यह भी

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: 5×1=5

(के, का, को, की, से, में)

11. बीच की खाली जगह..... मुसाफ़िर उतर कर निकलते हैं |

12. अज्ञान ..... अवस्था में कितने ही अपराध क्षम्य हो जाते हैं |

13. पुस्तकालय ..... बहुत सी किताबें हैं |

14. माँ अपने बच्चों .....पढ़ा रही है|

15. एम एन श्रीनिवास समाजशास्त्र ..... विद्वान थे|

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5×1=5

16.

a) लू उतारना	i) आमदनी बढ़ना
b) हवा से बातें करना	ii) अपमानित करना
c) तारे गिनना	iii) अहं उतारना
d) टोपी उछालना	iv) तेज दौड़ना
e) कंचन बरसना	v) बुरी तरह हराना
	vi) प्रतीक्षा करना

खण्ड - ' ख '

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×3=6

17. अंग्रेजी - जहाज बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया?
18. 'पड़ोस - कल्चर' के बारे में मन्नू भण्डारी क्या कहती हैं ?
19. हैदराबाद नवाब के सामने कौन - सी मुसीबत थी? उसका समाधान विश्वेश्वरय्या ने कैसे किया ?
20. भोलाराम का परिचय दीजिए|

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2×3=6

21.'बाबा , इतना मुझसे उठ न सकेगा |'
22. 'चरित्र के अस्तित्व को किसने मिटाया ?'
23 'सच ? मुझे गाँव के लोग ज्यादा पसंद हैं |'
24. ' इनकी हर मंज़िल पर इतनी जगह जानबूझकर छोड़ी गई है जो भूकम्प के धक्के सह सके।'

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए : 1×3=3

25. रैदास ने भगवान और भक्त के संबंध को कैसे वर्णित किया है ?
26. रहीम जी ने चिता और चिंता के अंतर को कैसे समझाया है? स्पष्ट कीजिए |

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए : 1×3=3

27.मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए।
28.'मानव' ने उत्तर प्रदेश की किन विशेषताओं का वर्णन किया है ?
29.वृक्ष किस प्रकार पहरेदारी करता था?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2×3=6

30. चोरी करत कान्ह धरि पाए।
निसि-बासर मोहिं बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहिं आए।
माखन-दधि मेरौ सब खायौ, बहुत अचगरी कीन्ही।
अब तो घात परे हौ लालन, तुम्हें भलै मैं चीन्ही।

अथवा

बढ़त - बढ़त सम्पत्ति- सलिलु, मन - सरोजु बढ़ि जाइ |
घटत- घटत फिरि न घटै, बरु समूल कुम्हलाई॥

31. वे मुस्काते फूल, नहीं-
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं-
जिनको भाता है बुझ जाना;

अथवा

हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।

खण्ड - ' ग '

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1×5=5**

32. बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए |

अथवा

दादाजी ने किस अभिप्राय से सबको बुलाया और क्या कहा?

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1× 4=4**

33. 'आत्महत्या, वह एक जघन्य पाप है।' 'प्रतिशोध' एकांकी के आधार पर, भारवि के इस कथन को स्पष्ट कीजिए|

अथवा

ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं ?

खण्ड - ' घ '

V. **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1× 3=3**

34. i. सागर के गहराइयों में क्या नहीं है ?
ii. गीता ने पुस्तक लाई |
iii. आप यहाँ से वहाँ जाओ |

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : **1× 3 =3**

35. i) रोहन ने चार रोटियाँ खाईं | (भविष्यत काल में बदलिए)
ii) किसान खेत जोत रहा था | (वर्तमान काल में बदलिए)
iii) मैं मुंबई जा रहा हूँ | (भूतकाल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रुप लिखिए: **1× 3=3**

36. i) भैंस ii) सिंह iii) चुहिया

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : **1× 3 =3**

37. i) नीति जानने वाला

ii) अवसर के अनुसार बदल जानेवाला

iii) प्रति दिन होनेवाला

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : 1× 2=2

38. i) शासन ii) योग

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए : **1× 2=2**

39. i) लौकिक ii) राष्ट्रीय

VI **अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **1× 4=4**

40) राष्ट्र केवल ज़मीन का टुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत होती है जो हमें अपने पूर्वजों से परंपरा के रूप में प्राप्त होती है। जिसमें हम बड़े होते हैं, शिक्षा पाते हैं और साँस लेते हैं-हमारा अपना राष्ट्र कहलाता है और उसकी पराधीनता व्यक्ति की परतंत्रता की पहली सीढ़ी होती है। ऐसे ही स्वतंत्र राष्ट्र की सीमाओं में जन्म लेने वाले व्यक्ति का धर्म, जाति, भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो, आपस में स्नेह होना स्वाभाविक है। राष्ट्र के लिए जीना और काम करना, उसकी स्वतंत्रता तथा विकास के लिए काम करने की भावना राष्ट्रीयता कहलाती है।

जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है। राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त है-देश को प्राथमिकता, भले ही हमें 'स्व' को मिटाना पड़े। महात्मा गांधी, तिलक, सुभाषचन्द्र बोस आदि के कार्यों से पता चलता है कि राष्ट्रीयता की भावना के कारण उन्हें अनगिनत कष्ट उठाने पड़े किंतु वे अपने निश्चय में अटल रहे। व्यक्ति को निजी अस्तित्व कायम रखने के लिए पारस्परिक सभी सीमाओं की बाधाओं को भुलाकर कार्य करना चाहिए तभी उसकी नीतियाँ-रीतियाँ राष्ट्रीय कही जा सकती हैं।

प्रश्नः

1. उपरोक्त गद्यांश के आधार पर 'राष्ट्र' की परिभाषा लिखिए।
2. राष्ट्रीयता किसे कहते हैं?
3. व्यक्ति की दृष्टि संकुचित कब होती है?
4. निजी अस्तित्व को कायम रखने के लिए व्यक्ति को क्या करना चाहिए?

आ. निबन्ध लिखिए : **1×4=4**

41) बेकारी की समस्या

अथवा

आपका नाम प्रयाग है | आपको मध्य वार्षिक परीक्षा में ज्यादा अंक मिले हैं, जिससे कक्षा में प्रथम आने की संभावना ज्यादा है | इसी खुशी में अपनी माताजी को एक पत्र लिखिए |

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **1× 3=3**

42. i) ನನಗೆ ಯೋಚನೆ ಮಾಡಲು ಸ್ವಲ್ಪ ಸಮಯ ಬೇಕು.

I need some time to think.

ii) ನಿನ್ನ ಪ್ರತಿಭೆಯನ್ನು ತೋರಿಸು.

Show your talent.

iii) ಅವನಿಗೆ ಇಬ್ಬರು ಮಕ್ಕಳಿದ್ದಾರೆ.

He has two children.

******